PRINT



आजाद सिपाही

| Regional News Paper | Edition :Bokaro (Jharkhand) | Circulation:112831 |
|---|---|---|
| दिनांक(Dated): 17.06.2026 | पृष्ठसं. (Page No.) 12 | क्रम सं. (Serial No.) ५ |


# सीआईएसएफ और सीसीएल की ढोरी मे संयुक्त छापेमारी अमलो साइडिंग के समीप से 37.770 टन अवैध कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो (बेरमो)। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम रंजय सिन्हा के निर्देशानुसार और क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी मो. तौकीर आलम के नेतृत्व में सीआईएसएफ एवं सीसीएल सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने अमलो रेलवे साइडिंग के कारखाने के समीप और 5 नंबर धौड़ा तालाब क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी कर 37.770 टन कच्चा एवं पौड़ा कोयला बरामद किया। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से डंप कर रखे गए कोयले को टीम ने अपने कब्जे में लिया। सुरक्षाकर्मियों ने जेसीबी की मदद से पूरे कोयले को ट्रैक्टरों में लोड करवाया और उसे सुरक्षित अमलो रेलवे साइडिंग स्थित क्रेशर में लाकर अनलोड किया गया। इस



सफल छापेमारी के उपरांत क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी मो. तौकीर आलम ने मीडिया से बात करते हुए सख्त लहजे में कहा कि ढोरी प्रबंधन कोयला चोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है। आज की कार्रवाई यह संदेश देने के लिए काफी है कि क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम निरंतर निगरानी कर रहे हैं और आगे भी सीआईएसएफ और बेरमो पुलिस के साथ मिलकर ऐसे अभियान जारी रखेंगे ताकि कंपनी की संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सीआईएसएफ कमांडेंट राज प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि कोयला चोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि माइंस क्षेत्र के बाहर या जिन क्षेत्रों में सीआईएसएफ की तैनाती नहीं है, यदि वहां भी कोयला चोरी की सूचना मिलती है, तो जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त छापेमारी की जाएगी। इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संयुक्त अभियान में सीआईएसएफ कर सहायक कमांडेंट केबीए श्रीधर, इंस्पेक्टर पीके सिंह, सीआईएसएफ क्राइम ब्रांच से सब इंस्पेक्टर एसके तिवारी और पूजा कुमारी, सीआईएसएफ क्यूआरटी एएसआई बीके यादव, हेड कांस्टेबल बीडी शर्मा, कांस्टेबल बीडी सिंह, अनिल कुमार और रजत प्रीत, सीसीएल की टीम मे अमलो साइडिंग इंचार्ज जय शंकर, एरिया सुरक्षा इंचार्ज शिलचंद, अनाम वारिश, हवलदार कृपाल सिंह, मानिक दिगार, मुकेश कुमार शर्मा, सुरेश और होमगार्ड जितेंद्र रजक आदि मौजूद थे। इस कार्रवाई के बाद से अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद किया जा रहा है।